



## एक नजर में

### पर्चे बनाए जाने के समय में बढ़ोत्तरी की मांग

**हरपालपुर।** आभा वीरांगना झांसी मेडीकल कॉलेज में मरीजों के पर्चे बनाए जाने के समय में बढ़ोत्तरी की मांग उठाई है। उल्लेखनीय है कि मानिकपुर, बांदा, महोबा, कुलपहाड़,बेलाताल हरपालपुर पनवाड़ी, मऊरानीपुर आदि गांव देहात शहर से लोग मेडीकल में इलाज कराने पहुंचते हैं, ऐसे में सुबह के बक्त घने कोहरे के बीच तापमान में गिरावट होने से सर्दी बढ़ने से इलाज कराने जाने वाले मरीजों को समय पर सुबह के बक्त ट्रेन निकलने पर बस से इलाज कराने जाना पड़ता है जिससे समय पर नहीं पहुंचने पर उपचार नहीं मिल पाता है।

### उपकरण वितरित करने के आदेश जारी

**गौरिहार।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग छतरपुर द्वारा 18 नवंबर को जनपद पंचायत लवकुशनगर में गौरिहार सहित लवकुशनगर के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करने के आदेश जारी किए गए थे। गौरिहार जनपद के दिव्यांगजनों की संख्या ज्यादा और दूरी अधिक होने के कारण स्थानीय लोगों ने गौरिहार में शिविर आयोजित करने की मांग उठाई, इस विषय में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने भी विभाग को निर्देश दिए जिसके बाद 22 नवंबर को गौरिहार में शिविर अयोजित कर सहायक उपकरणों के वितरण हेतु आदेश जारी हुए हैं।

# आज से बागेश्वर धाम सरकार के साथ उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## हिन्दू एकता के संकल्प के साथ शुरू होगी पदयात्रा, संतों की रहेगी उपस्थिति, बुन्देली लोककला का रहेगा समावेश, सुरक्षा के तगड़े इंतजाम, पहले दिन 20 किमी चलेगी पदयात्रा

**हजारों लोग बागेश्वर धाम पहुंचे, बागेश्वर महाराज की पदयात्रा का शुभारंभ आज होगा।**





**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
हिन्दुओं के बीच मौजूद जाति भेदभाव, छुआछूत, अगड़े और पिछड़े का फर्क मिटाने के लिए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आज से अपनी 9 दिवसीय पदयात्रा शुरू करने जा रहे हैं। यह पदयात्रा सुबह 8 बजे बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर के दर्शन एवं राष्ट्रध्वज व भगवां ध्वज फहराकर प्रारंभ की जाएगी। बागेश्वर धाम से प्रारंभ होने वाली यह पदयात्रा पहले दिन ग्राम गढ़ा तिराहा से होते हुए लगभग 20 किमी दूर ग्राम कदारी तक पहुंचेगी। इस पदयात्रा को देश के अनेक जाने-माने संतों की उपस्थिति में प्रारंभ किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान बुन्देली कलाकार, स्थानीय लोककलाओं का प्रदर्शन भी करेंगे।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया को दी जानकारी में बताया कि देश भर का हिन्दू जाग रहा है और समाज के भीतर मौजूद जाति भेदभाव को खत्म कर एकजुट होकर भारत के विकास के लिए आगे आ रहा है। इस पदयात्रा का उद्देश्य हिन्दुओं को जगाकर भारत को सामर्थ्यवान बनाना है। यही जागृत हिन्दू समाज हिन्दू राष्ट्र का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी अनेक सनातनी लोग शामिल हो रहे हैं। लगभग 20 हजार लोगों ने इस यात्रा में साथ चलने के लिए पूर्व से पंजीयन कराए हैं जबकि इससे कई गुना अधिक लोग बिना पंजीयन के ही यात्रा में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से इस यात्रा में शामिल होने और उत्साह के साथ यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

**इन संतों की रहेगी उपस्थिति**

यात्रा 21 नवंबर को बालाजी मंदिर बागेश्वर धाम से प्रारंभ होकर छतरपुर, नौगांव, मऊरानीपुर होते हुए 29 नवंबर को ओरछा के रामराजा मंदिर पहुंचेगी। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए देश के अनेक सनातनी संत बागेश्वर महाराज के संकल्प में साथ खड़े नजर आ रहे हैं। धाम समिति की ओर से संत सम्मेलन के प्रभारी रोहित रिछारिया ने बताया कि 21 नवंबर को इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जगतगुरू तुलसी पीठाधीश्वर श्रीराम भद्राचार्य जी के द्वारा भगवां ध्वज दिखाया जाना तय किया गया है। किन्तु आकस्मिक रूप से उनका स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण उनकी उपस्थिति पर संशय है।

किन्तु 21 को देश के जाने-माने संत गोपालमणि जी, कथाव्यास संजीवकृष्ण ठाकुर, इंद्रेश उपाध्याय, हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास महाराज एवं सुदामा कुटी वृंदावन के महंत उपस्थित रहेंगे। यात्रा में मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास, जगतगुरू राघवाचार्य, देश के जाने-माने कथाव्यास अनिरूद्धाचार्य, कृष्णचन्द्र ठाकुर, मृदुलकांत, मनोज मोहन, तुलसीवन से कौशिक जी महाराज, ऋषिकेश से चिदानंद मुनि जी, गोरेलाल कुंज से किशोरदास जी महाराज, भिण्ड से ददरूआ सरकार, महाराष्ट्र से गोविंददेव गिरि, वृंदावन धाम से पुण्डरीक महाराज और तुलसी पीठाधीश्वर उत्तराधिकारी श्री रामचन्द्रदास, सतुआ बाबा प्रयागराज, दीनबंधु दास, बल्लभाचार्य जैसे शीर्ष कोटि के संत उपस्थित रहेंगे।

**महापुरूषों की झांकियां और बालाजी का रथ चलेगा**

इस पदयात्रा में सभी हिन्दू समाजों को एकजुट करने के उद्देश्य से विभिन्न समाजों के महापुरूषों को झांकियों के रूप में सम्मिलित किया जा रहा है। यात्रा में ऐसे 15 रथ तैयार किए गए हैं जिनमें गौरथ, महापुरूषों के रथ, बागेश्वर बालाजी का रथ, बागेश्वर धाम का संकल्प रथ शामिल है। इसके अलावा अपने बालों से 160 किमी तक रथ को खींचने वाले बुन्देलखण्ड के खली बद्री विश्वकर्मा भी उपस्थित रहेंगे। पूरी पदयात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिक शंकर सोनी, सुरेश बाबू खरे, राकेश असाटी आदि राष्ट्रध्वज तिरंगा एवं भगवां ध्वज लेकर चलेंगे। बुन्देली कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। डीजे वाहन, घोड़े, बग्घी आदि भी सम्मिलित होंगे।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस, चार स्तर का होगा सुरक्षा घेरा**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर की लोकप्रियता भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेक देशों तक पहुंच चुकी है। उनकी इस यात्रा में किसी प्रकार का विघ्न उत्पन्न न हो इसलिए मप्र सरकार और उप्र सरकार की ओर से सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। चार दिनों तक यह यात्रा छतरपुर जिले में ही रहेगी। छतरपुर एसपी अगम जैन ने बताया कि यात्रा की सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस मुख्यालय एवं सागर पुलिस मुख्यालय से 600 पुलिस जवान भेजे गए हैं।

इसके अलावा जिले का पुलिस अमला भी व्यवस्था में तैनात होगा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर 160 किमी तक चलने वाली इस पदयात्रा में पैदल ही निकलेंगे इसलिए उनकी सुरक्षा को लेकर भी चार स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। मध्य में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर और कुछ संत होंगे। इसके बाद उनकी वाई श्रेणी के सुरक्षाकर्मी, तीसरे घेरे में पुलिस की रस्सा पार्टी और चौथे घेरे में बागेश्वर धाम के सेवादारों की एक रस्सा पार्टी चलेगी।

**यात्रा में कई जानी-मानी हस्तियां होंगी शामिल**

बागेश्वर धाम जनसेवा समिति की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक 9 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में अब तक देश की कई जानी-मानी हस्तियों के आने की स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें फिल्म स्टार संजय दत्त, पहलवान खली, गायक कीर्तिदान गढ़वी, कन्हैया मित्तल, कॉमेडियन श्याम रंगीला, अभिनेत्री अक्षरा सिंह, गायक शीतल पाण्डेय दिल्ली, बुन्देली गायिका कविता शर्मा, बुन्देली कलाकार हिमालय यादव, सोनू तिवारी, बिन्नू रानी, गायिका अंजली द्विवेदी और जाने-माने कवि कुमार विश्वास के नाम शामिल हैं।

**बागेश्वर धाम से पेप्टेक टाउन तक 62 स्थानों पर स्वागत, तीन स्थानों पर भोजन**

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की इस हिन्दू एकता पदयात्रा को लेकर उनके गृह जिले छतरपुर में जबर्दस्त उत्साह का माहौल है। यह पदयात्रा जिस मार्ग से गुजरेगी उस मार्ग पर पदयात्रियों के स्वागत, स्वल्पाहार, भोजन आदि के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।21 नवंबर को पदयात्रा बागेश्वर धाम से प्रारंभ होगी। इसके बाद गढ़ा तिराहे, टुरया तिराहे, मड़तला, बसारी स्टेण्ड, डीपी पब्लिक स्कूल, हरिकृपा रेस्टोरेंट, महिन्द्रा एजेंसी पर पदयात्रियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। पदयात्रा शाम होते-होते कदारी फार्मेसी कॉलेज पहुंचेगी जहां पदयात्रियों के भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें बुन्देली कलाकार हरिया भैया और सोनू तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगे। 22 नवंबर की सुबह यह पदयात्रा कदारी से प्रारंभ होकर गठेवरा पहुंचेगी जहां पदयात्रियों को दोपहर भोजन कराया जाएगा। तदोपरांत यह पदयात्रा आगे बढ़ती हुई रूद्राक्ष होटल से छतरपुर शहर में प्रवेश करेगी। छत्रसाल चौराहे पर बागेश्वर महाराज के द्वारा एक सभा की जाएगी। इस सभा में हैदराबाद के हिन्दू नेता टी राजा भी शामिल होंगे। 22 नवंबर की शाम यह पदयात्रा बस स्टेण्ड होते हुए नौगांव रोड के पेप्टेक टाउन में पहुंचेगी जहां रात्रि भोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व बागेश्वर महाराज के प्रवचन होंगे।




## कैरियर काउंसिलिंग में ली जानकारी

**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
भारतीय सेना के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईशानगर में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। इस करियर काउंसिलिंग में छात्र/छात्राओं को करियर से संबंधित जानकारी दी गई। छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग तथा साइंस रिलेटेड सब्जेक्ट्स में कॅरियर बनाने की जानकारी दी तो वहीं सेना में अग्निवीर योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

सर्व प्रथम वायु सेना से पधारे सेनानियों में आशीष व सौरभ एवं शाला के प्रभारी प्राचार्य केएल राय द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर हाल में बैठे छात्र/छात्राओं ने भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सार्जेंट आशीष व



कार्पोरेल सौरभ द्वारा छात्र-छात्राओं को अन्य फील्ड के बारे में भी बताया गया। वर्कशॉप में इंजीनियरिंग से जुड़े अन्य फील्ड के बारे में भी बताया गया। उन्हें बीटेक / एम.एस./ एम.टेक / पीएचडी/ आईआईटी आदि कोर्सेज में किस तरह एडमिशन लिया जाए। छात्र/ छात्राओं को बताया गया कि किस तरह वे लीडरशिप क्वालिटीज को अपना कर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं और सफल हो सकते हैं।

## कृष्णा विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल

**छतरपुर।** कृष्णा विश्वविद्यालय में ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल द्वारा को एच.डी.एफ.सी. बैंक/कोटक महिन्द्रा /महिन्द्रा फाइनेंस/ एक्सीस बैंक प्लेसमेंट का आयोजन सफलतापूर्वक कराया गया।केंपस प्लेसमेंट में कुल 215 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें पहले चरण में कुल 175 विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयन की प्रक्रिया में कुल तीन चरण हैं। पहले के बाद सभी विद्यार्थियों का फाइनल चरण के लिए चयन होगा।

## मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप

**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरिया में एक युवक के पिता ने गांव के ही दबंगों पर उसके पुत्र के साथ मारपीट कर फांसी पर लटकाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सटई थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी रामदीन यादव ने बताया कि मंगलवार की दोपहर उसके पुत्र छोटू उर्फ सोनू यादव उम्र 19 वर्ष की गांव के ही 8 लोगों द्वारा झमटुली में मारपीट की गई। इसके बाद शाम के समय उन्हीं लोगों द्वारा उसके पुत्र सोनू की फिर मारपीट की गई और उसे लेकर चले गए। रामदीन ने बताया कि वे और परिवार के लोग पुत्र को ढूंढ़ा तो खेत पर लगे पेड़ से उसके पुत्र का



शव लटकता मिला। इसके बाद उन्होंने सटई थाने को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी दीपक यादव तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा बनाते हुए मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया जहां डॉक्टर द्वारा उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**इनका कहना है**

शव का पंचनामा भरकर जांच में लिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद जो तथ्य सामने आएंगे के आधार पर जांच उपरांत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

-दीपक यादव,
थाना प्रभारी सटई

## सतगुरु नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों ने की आखों की जांच

**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
जिले के चंदला कस्बे में स्थित द्रोमण धर्मशाला में चित्रकूट से आए सतगुरु नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्र से आए 175 लोगों ने नेत्र परीक्षण के लिए अपने रजिस्ट्रेशन करवाए। वहीं चित्रकूट के सतगुरु नेत्र चिकित्सालय से आए डॉक्टरों की टीम द्वारा 55 लोगों को मुफ्त में दवा वितरित की गई। वहीं 22 लोगों को मौके पर ही चश्मा दिए गए। डॉक्टरों द्वारा क्षेत्र से आए मरीजों की आंखों का परीक्षण करने के बाद 75 लोगों को चिन्हित कर चित्रकूट सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। शिविर में चित्रकूट से डॉ. अरविंद मिश्रा, रोहित लखेरा के साथ कई डॉक्टर मौजद रहे।

## वन्यप्राणियों की सुरक्षा की अपील, होगी सख्ती

**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
विगत कुछ पूर्व माहों से वन वृत्त छतरपुर के अंतर्गत आने वाले वन मंडल के वनक्षेत्रों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में वन्यप्राणियों को फंसाने के लिए फंदे लगाए जाने पाये गये है, जिसमें दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही होती है।

डीएफओ सर्वेश सोनवानी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वन्यप्राणियों की सुरक्षा में वन विभाग को सहयोग प्रदान करें। वन्य जीव टाईगर, तेंदुआ, चीतल, जंगली सुअर, हिरन, भालू, मोर आदि अन्य जीवों का अवैध शिकार नहीं करें। वन्यप्राणियों को फंसाने के लिए फंदे न लगाए एवं न ही फंदे लगाने में किसी का सहयोग करें। इस प्रकार की योजना तैयार होते हुए अथवा फंदा लगा हुआ पाया जाने पर तत्काल समीप के वन अधिकारी को सूचित करें। उक्त जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जानकारी सही पाए जाने पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा। किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि किसी भी प्रकार से वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाया जाता है या उसके द्वारा फंदा लगाया जाना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी वाहन मैकनिकों से भी अनुरोध है कि वह पुराने क्लच वायर को अवैध शिकार में फंदा बनाने हेतु अथवा संदेहास्पद व्यक्ति को न बेचें। इसके अलावा वनक्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी की कटाई न करें, पौधों की डाल न निकालें, बिना किसी वैध अभिलेख के लकड़ी परिवहन न करें, बिना अनुमति के लकड़ी चिरान नहीं करें तथा लकड़ी का अवैध व्यापार नहीं करें। उक्त के अतिरिक्त वन भूमि पर अतिक्रमण, उत्खन्न, अवैध कटाई करते हुए पाए जाने पर वनोपज अधिनियम 1969 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी तथा वनोपज का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन राजसात करने. की कार्यवाही की जाएगी। वन्यप्राणियों से पहुंचने वाली हानि जैसे फसल हानि, पशु हानि, जन घायल एवं जन हानि के संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के मुआवजों का प्रावधान किया गया है।

## ट्राई साइकिल और बैसाखी प्रदान की

**नवभारत न्यूज खजुराहो।**
राजनगर जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी एडिप योजना के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा क्षेत्र के दिव्यांगजनों को शिविर लगाकर उपकरण वितरण किए गए। शिविर में 56 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल बैसाखी सहित अन्य उपकरण दिए गए उपकरण पाकर दिव्यांगजन खुश दिखाई दिए। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी ने केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया इस क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया दिन रात गरीबों हक दिलाने प्रयास करते रहते है। इस कार्य में भी उन्होंने महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई है। भाजपा सरकार भी अंतिम पंती के व्यक्ति तक लाभ हेतु प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमबाई मनीराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, पुष्पेंद्र अहिरवार गिरजा शंकर अवस्थी विजय अहिरवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हतना में आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज छतरपुर।**
केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने बुधवार को दूसरे दिन जिले के प्रवास पर ग्राम हतना में बनाए गए आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डीपीओ राजीव सिंह, सीईओ जनपद राकेश शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान ने आंगनबाड़ी में चलने वाली क्लैप गतिविधियों की सहायिका एवं सुपरवाईजर से जानकारी ली गई। साथ ही प्रत्यक्ष रूप से आंगनबाड़ी के बच्चों से वार्तालाप कर उनकों बिस्किट वितरण किया गया। आंगनबाड़ी परिसर में भ्रमण करते हुए रसोई एवं शौचालय का निरीक्षण किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बच्चों की उपस्थिति व ऑनलाइन गतिविधियों की जानकारी ली। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान ने विधायक ललिता यादव के साथ ग्राम पंचायत खोंप की हरि बगिया स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा रोपित फ्रूट फॉरेस्ट का भ्रमण किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से वार्तालाप करते हुए कितने प्रकार के पेड़ लगाए गए आदि की जानकारी ली।

**आवश्यक सूचना**

दैनिक नव भारत भोपाल संस्करण का छतरपुर में नवीन जिला कार्यालय पुरानी तहसील के पास गणेश मंदिर के बगल में महल रोड छतरपुर में शुरू हो चुका है। नव भारत समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन, विज्ञापन प्रकाशन हेतु कार्यालय में आकर संपर्क करें।

**नव भारत छतरपुर जिला कार्यालय**
पुरानी तहसील के पास, गणेश मंदिर के बगल में महल रोड छतरपुर।
**उदयनारायण अवस्थी, जिला ब्यूरो छतरपुर**
**मो. 7024779639**

**सम्मेलन** राष्ट्रीय पत्रकार संघ के सम्मेलन में सभी ने पत्रकारिता पर रखे विचार

## पत्रकारों को एक मंच पर आने की आवश्यकता

**नवभारत न्यूज खजुराहो।**
होटल झंकार में बुधवार को राष्ट्रीय पत्रकार संघ का सम्मेलन किया गया। इसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड सहित छतरपुर जिले के पत्रकार शामिल हुए।

राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव ने कहा कि पत्रकारों के हित में सदैव संघर्षरत रहूंगा और उनकी सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य की फिक्र भी मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार भारतीय समाज में राष्ट्रीय हित के लिए अपनी जान को हथेली पर रखकर राष्ट्रीय हित में कार्य करते हैं। पत्रकारों को एकजुट होकर पत्रकारों के हित में संघर्ष करने की आवश्यकता है। भारत में पत्रकारों को मिलने वाली सुविधाओं को




व्यापक बनाने के लिए हमारा कार्यक्रम निरंतर आगे रहेगा। पत्रकारों के लिए अलग एट्रोसिटी एक्ट बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों को भी सावधान किया कि वह इस एक्ट का दुरुपयोग नहीं करेंगे। पत्रकारों के हित में पत्रकारों के लिए आजीवन संघर्षरत रहने वाले अवधेश भार्गव ने पत्रकारों को एक मंच पर आने की आवश्यकता भी स्वीकार की। अन्य प्रदेशों से आए वरिष्ठ पत्रकारों के द्वारा भी संबोधन किया गया जिनमें एस एन श्याम, जयप्रकाश सिंह, अवधेश कुमार शर्मा, अनमोल कुमार, छतरपुर के पत्रकारों में नीरज सोनी, हरि प्रकाश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राकेश रिछारिया, अरविंद जैन, शिवांगी तिवारी, विकास दीक्षित, समीर अवस्थी, आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, श्रीमती रजनी शुक्ला, गौरव सिंह बघेल, रेडिसन होटल की जीएम विजय दत्त त्रिपाठी, चंदेला होटल के जीएम, ललित होटल से राजेंद्र सिंह बघेल, कुबेर ग्रुप से विनोद जैन होटल एसोसिएशन से अशोक गौतम, पंडित सुधीर शर्मा अविनाश तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक देवेन्द्र चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सत्य निधि त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, प्रवीण जैन, देवेंद्र जैन आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह चौहान के द्वारा किया गया। खजुराहो के पत्रकार हरि ओम खरे, उदय अवस्थी जीतेंद्र रिछारिया की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी ने जिले से नवभारत अखबार की शानदार शैली, स्पष्ट भाषा और निष्पक्ष खबर प्रकाशन की प्रशंसा की।

## शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने रेलवे स्टेशन का किया भ्रमण

**हरपालपुर।** मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सरस्वती उमावि के कक्षा 9 व 12 की बहिनों ने परिषद की योजना अनुसार शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन प्रबंधक रामकृपाल मिश्र. पूर्व छात्र पी मेन मुहम्मद सलीम ने पीआर एस की जानकारी हिमांशु मिश्र ने टिकट रिजर्वेशन की जानकारी दी। संस्था प्राचार्य संतोष शर्मा ने अथिति कक्ष व वीआईपी रुमों का भ्रमण कराया। बहिनों के भ्रमण के समय संरक्षक के रुप में श्रीमती राजेश्वरी दीदी अवधेश अरजरिया उपस्थित थे ।

## कई स्थानों में अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई

**बक्सवाहा।** नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से तहसीलदार भरत पांडे और नगर परिषद की मुख्य नगर अधिकारी नेहा शर्मा ने गुरुवार को नगर पालिका के अमले के साथ बस स्टैंड और सब्जी बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान दुकानदारों को नगर को सुव्यवस्थित बनाने के लिए जागरूक किया गया। बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए दोनों अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी। सीएमओ नेहा शर्मा ने कहा, अगर हम सब नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपनी दुकानों को सही ढंग से लगाना होगा। तहसीलदार भरत पांडे ने भी दुकानदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि अव्यवस्थित दुकानें नगर के सौंदर्य को प्रभावित करती हैं, इसलिए सभी दुकानदार अपनी दुकानें निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित रूप से लगाएं।

**कार्यालय नगर परिषद्, लवकुश नगर, जिला छतरपुर**

क्र./न.प./निविदा/2024/1535 — लवकुश नगर,दिनांक 20/11/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आईएसआर 2/8/2021 के एसओआर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं . निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है .

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_383355_1 21-11-2024 | कम्पोस्टिंग प्लांट की क्षमता वृद्धि कार्य | 1.06 माह 2.50.49 लाख | 1.10000.00 2.38000.00 | 24-12-2024 |
| 2. | 2024_UAD_383357_1 21-11-2024 | एमआरएफ की क्षमता वृद्धि कार्य | 1.06 माह 2.22.70 लाख | 1.5000.00 2.18000.00 | 24-12-2024 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा . पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा .

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् लवकुश नगर, जिला छतरपुर